SHRI OM MEHTA: Kashmiri apples are rare sometimes.

We have noted whatever he has said about these arms and hand granades and we will try to find out what are their sources and leakages. And then you, Sir, when you were there, referred to some talk regarding certain clues with the police and that they have also pointed out something, about some threatening letters. At this stage, I would only like to inform this House that the Chief Justice had received a threatening letter some time towards the end of January last. But he did not take any notice of that. He has, however, handed over it to the police after the last evening's incident. I will not like to say anything beyond this just now because it will affect the course of the investigation.

SHRI BHUPESH GUPTA: We have made a request to you for a discussion also. The discussion should be held. In the Lok Sabha, they have already agreed to it. We have given an ordinary motion, a 'No-day-yet-named Motion". I think it should be accepted. In the other House, it is being discussed. Do not debar discussion on the ground that we are adjourning. We will sit, we will find time during this session in order to have this matter discussed.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. B. RAJU): We will consider it.

SHRI BHUPESH GUPTA: I hope the Minister of Parliamentary Affairs will accommodate us.

MESSAGES FROM THE LOK SABHA

I. The Pondicherry Appropriation Bill, 1975

II. The Pondicherry Appropriation (Vote on Account) Bill, 1975

SECRETARY-GENERAL: Sir, I have to report to the House the following messages received from the Lok Sabha, signed by the Secretary-General of the Lok Sabha: —

(1)

"In accordance with the provisions of Rule 96 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I am directed to enclose herewith the Pondicherry Appropriation Bill. 1975, as passed by Lok Sabha at its sitting held on the 20th March, 1975.

2. The Speaker has certified that this Bill is a money Bill."

(2) "In accordance with the provisions of Rule 96 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I am directed to enclose herewith the Pondicherry Appropriation (Vote on Account) Bill. 1975, as passed by Lok Sabha at its sitting held on the 20th March, 1975.

2. The Speaker has certified that this Bill is a money Bill."

Sir, I lay a copy of each of the Bills on the Table.

RESOLUTION *RE* NECESSARY STEPS TO CHECK THE EVER-INCREASING USE OF MONEY POWER AND MISUSE OF GOVERNMENT MACHINERY IN ELECTIONS— *Contd.*

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति जी, निर्वाचन प्रणाली में सुधार सम्बन्धी विधेयक पर अपने प्रस्ताव को प्रस्तुत करने से पूर्व मैं इस बात पर विशेष रूप से बल देना चाहता हूं कि इस पर दलीय स्तर से ऊपर उठ कर विचार किया जाए । कारण यह भी है कि इस निर्वाचन प्रणाली में सुधार के लिए प्राय: प्रत्येक राजनीतिक दल—सत्ताधारी दल से भी मेरा अभिप्राय है – सभी ने इसमें सुधार की अपेक्षा की है । अभी कुछ दिन पहले जब दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन का प्रारंभ हुआ तो राष्ट्रपति जी ने भी अपने भाषण में इसकी चर्चा की और प्रधान मंत्री ने भी दो तीन स्थानों पर इसके सम्बन्ध में वक्तव्य दिये हैं । अगर हमारे कांग्रेसी मित्र इस बात को सुन कर विदकें नहीं तो श्री जयप्रकाश

नारायण को समग्र क्रान्ती में भी निर्वाचन प्रणाली में सुधार को विशेष रूप से सम्मिलित किया गया है। अभी श्री तारकुंडे की अध्यक्षता में एक समिति का निर्माण किया गया उसने अपना प्रतिवेदन भी दे दिया है। कुछ समय पहले दोनों सदनों की एक संयुक्त प्रवर समिति इसके लिए बैठी थी। उसने भी अपने कुछ सुझाव निर्वाचन प्रणाली में सुधार के लिए दिए हैं। उनमें कुछ सुझाव सर्वसम्मत भी हैं। अभी हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय के कुछ निर्णय इस प्रकार के हुए हैं जिनको देखने से पता लगता है कि निर्वाचन प्रणाली में हमारे लिए सुधार बहुत आवश्यक हो गया है। विधि आयोग के भी कुछ सुझाव इस प्रकार के थे जिससे प्रतीत होता है कि वे भी इसे चाहते हैं कि निर्वाचन प्रणाली में सुधार होना चाहिए। एक प्रकार से यह स्वीकृत तथ्य है कि निर्वाचन प्रणाली से संबंधित जितने भी राजनीतिक पक्ष हैं, प्रशासनिक पक्ष हैं उन सभी की इच्छा है कि निर्वाचन प्रणाली में अपेक्षित सुधार किए जाएं। निर्वाचन प्रणाली निष्पक्ष होनी ही जरूरी नहीं है निर्वाचन प्रणाली को निष्पक्ष झलकना भी जरूरी है।

पिछले कई वर्षों से चुनाव पद्धति को लेकर देश में कई तरह की आशंकाएं व्याप्त हो रही हैं। मेरा अपना अनुमान है कि अगर किसी दिन इस चुनाव पद्धति से जन-साधारण का विश्वास उठ गया तो हमारे प्रजातंत्र के इतिहास में वह बड़ा दुर्भाग्य का दिन होगा। मैं यह कहना चाहता हूं कि अभी तो बेटी बाप के घर है, अभी कुछ अधिक बिगड़ा नहीं है इसलिए इस पद्धति में अभी भी जितना जल्दी हो सके, सुधार कर लिया जाए।

मैं अपने सुझावों का प्रारंभ करना चाहता हूं मतदान की आयु 21 वर्ष से घट कर 18 वर्ष करने से। इसके संबंध में मेरी युक्ति यह है कि जब सरकारी नौकरियों में प्रवेश का अधिकार 18 वर्ष के व्यक्ति को मिल गया है, लाखों करोड़ों की सम्पत्ति को बेचने और खरीदने का अधिकार कानूनी उनको दे रखा है, विवाह का अधिकार उनको है, सेना में वे भर्ती हो सकता है। कोई भी 18 वर्ष का व्यक्ति सेना में भर्ती हो सकता है और तीन वर्ष के बाद वह अधिकारी हो सकता है, सेना की कमांड कर सकता है, आदेश दे सकता और मोर्चे पर जा कर अपनी जान दे सकता है, लेकिन उसका यह दुर्भाग्य है कि हमारी प्रजातंत्री पद्धति में मतदान में भाग नहीं ले सकता.

लगभग 9 करोड़ इस प्रकार के युवक इस देश में हैं जो सरकार का इस प्रकार का निर्णय न होने के कारण से आज मतदान से वंचित हैं। सरकार इसके विरोध में, जैसा मैंने सुना है, तीन बातें विशेष रूप से कहती है।

एक तो उनका कहना यह है कि अगर 18 वर्ष तक की आयु तक के युवकों को मतदान का अधिकार दे दिया जाए तो उनकी संख्या बढ़ जाने से खर्चा बहुत बढ़ जाएगा। दूसरी दलील यह देते हैं कि अधिकांश युवक जो गांव में रहने वाले है, अशिक्षित हैं वे मत का सही उपयोग नहीं कर सकते। और तीसरी दलील उनकी यह है कि उत्तरदायित्व को समझने में उनके अंदर कमी है।

अगर यह बातें सही हैं, जैसा मैंने सुना है, तो मैं समझता हूं कि तीनों दलीलें बड़ी (लचर) हैं। जहां तक इस बात का प्रश्न है कि संख्या बढ़ जाने से व्यय बढ़ जाएगा तो यह एक लोक तंत्रीय पद्धति का नियम है कि जिस को आप मत का अधिकार देंगे उसके लिए आपको व्यय की व्यवस्था करनी ही पड़ेगी, जहां तक यह सवाल है कि युवा पीढ़ी गांवों में रहने वाली अशिक्षित है और वह सही मतदान का सही उपयोग नहीं कर सकती तो मेरा कहना है कि अगर इस युक्ति को मान लिया जाए तो जो वृद्ध वर्ग है, अशिक्षित है वह कैसे मतदान का सही उपयोग करता है। जहां तक उत्तरदायित्व की कमी का सवाल है तो मेरा कहना यह है कि यह जिम्मेदारी भी सरकार की है। वह क्या

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

नहीं अभी तक इस पीढी को इस योग्य बना पाई कि वह अपने उत्तरदायित्व को निभा सके। आपसे मैं यह कहना चाहता हूं कि जब तक आप किसी के कंधे पर बोझ न रखेंगे तब तक वह अपने कंधे पर बोझ सहना किस प्रकार सीखेगा। मैं समझता हूं य उक्तियां जो परस्पर में विरोधी हैं इन पर विचार करना चाहिए।

इस प्रजातंत्रीय चुनाव प्रणाली के ऊपर कुछ और देशों में भी परीक्षण हुआ है। उनमें कई देश इस प्रकार के हैं जे 18 वर्ष की आयु के युवक को मतदान का अधिकार दे चुके हैं। उनमें ब्रिटन है, अमरीका है, युगोस्लाविया है, पूर्वी जर्मनी है, रोमानिया है, आस्ट्रेलिया है। चुनाव के ढंग का तो मुझे पता नहीं लेकिन हमारी सरकार का जो मित्र राष्ट्र है रूस, उसने भी 18 वर्ष के आयु के व्यक्ति को मतदान की अधिकार दिया हुआ है फिर मैं यह समझ नहीं पा रहा हूं कि भारत वर्ष में 18 वर्ष की आयु के युवक को मतदान का अधिकार देने में क्यों हिचक की जा रही है।

मैं आपको बतला देना चाहता हूं कि आज की युवा पीढ़ी बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई और भाई-भतीजावाद की शिकार है और अगर देर तक उसको मतदान से वंचित रखा गया तो इस की प्रतिक्रिया उनमें किस प्रकार उभरेगी, इस का अनुमान मैं आसानी से नहीं लगा सकता। आप और हम सब को मिल कर इस संबंध में सोचना चाहिए।

दूसरी बात, चुनाव प्रणाली में सुधार के लिए भ्रष्ट आचरण को कहना चाहता हूं। उप-सभापति महोदय, अभी कुछ दिन पहले किसी भ्रष्ट आचरण के सिलसिले में सर्वोच्च न्यायालय ने कुछ प्रमुख व्यक्तियों को दोषी पाया। उनमें आपके राज्य के डा० चेन्ना रेड्डी भी हैं और पंजाब के पिछले मुख्य मंत्री कामरेड रामकृष्ण भी हैं।

मध्य प्रदेश के भूतपूर्व मुख्य मंत्री श्री द्वारिका प्रसाद मिश्र थे। यानी 18 तो व्यक्ति वे हैं जो काउंटिंग फीगर हैं, जिनको अंगुलियों पर गिना जा सकता है। बाकी हाई कोर्टों और सुप्रीम कोर्ट में जिनको इस प्रकार के भ्रष्टाचारा का दोषी पाया गया उनकी संख्या ढ़ाई सौ और तीन सौ के लगभग बैठती है। ये लोग किस प्रकार के भ्रष्टाचार के दोषी पाये गये हैं, इस बारे में बताया गया है कि ये लोग सरकारी साधनों का दुरुपयोग करते पाए गये अपने सरकारी पद और अधिकारियों का दुरुपयोग करते रहे, मतदाताओं को प्रभावित करने के लिये घूस देने के नये-नये ढंग निकालते हैं और व्यय करने के लिए जो सीमा निश्चित है उससे अधिक व्यय करते हैं। अभी कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने श्री रिजक राम के केस में निर्णय दिया है और सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में यह स्पष्ट लिखा है कि श्री रिजक राम के चुनाव के अन्दर पुलिस का खुल कर प्रयोग किया गया। यह बात सर्वोच्च न्यायालय ने कही है, मैं नहीं कह रहा हूं। वहां पर पुलिस का प्रयोग किया गया। इसी तरह का एक दूसरा केस है जिसमें चीफ जस्टिस हिदायतुल्ला ने अपना निर्णय दिया है। यह केस था घासी राम बनाम डालसिंह का। श्री डालसिंह जब बिजली मंत्री थे और जब वे चुनाव मैदान में आए तो मंत्रियों के पास जो डिसक्रिशनरी ग्रान्ट अर्थात् स्वविवेकाधीन अनुदान देने की पद्धति होती है, उसका भी दुरुपयोग किया गया।

श्री रणबीर सिंह (हरियाणा) : श्री डाल सिंह जब मंत्री थे तो बी० एल० डी० के मेम्बर थे।

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : मैं अपनी भूल सुधार करने के लिए तैयार हूं। लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि मैंने अपना भाषण प्रारम्भ ही यहां से किया था कि बी० एल० डी०, कांग्रेस, जनसंघ या कम्युनिस्ट पार्टी कोई भी क्यों न हो, मैं चाहता हूं कि अगर कोई भ्रष्टाचार करता

है तो वह भ्रष्ट आचरण के अन्तर्गत आता है और इसलिए मैंने प्रारम्भ में कहा कि इस प्रश्न पर दलीय दृष्टि से ऊपर उठ कर विचार किया जाय । जिस समय वे बिजली मंत्री थे, चौधरी साहब आप भूल गये हैं, वह कांग्रेस के ही सदस्य थे । उस समय बी० एल० डी० तो गर्भ में भी नहीं आई थी । श्री डाल सिंह के मामले में चीफ जस्टिस हिदायतुल्ला ने जो बात कही है, वह यह है कि इनको भ्रष्ट आचरण का दोषी तो नहीं पाया गया , लेकिन जो डिस-क्रिशनरी ग्रांट होती है, उसको उन्होंने अपने चुनाव क्षेत्र में जाकर व्यय किया । इस निर्णय में चीफ जस्टीस हिदायतुल्ला ने दो बातें लिखी हैं— (1) भ्रष्ट आचरण और दुष्ट आचरण उन्होंने लिखा है कि इन दोनों के बीच में एक पतली रेखा है और इस पतली रेखा के आधार पर मैं उन्हें भ्रष्ट आचरण का दोषी तो नहीं पाता, लेकिन चीफ जस्टीस हिदायतुला ने लिखा है कि जो व्यक्ति जिम्मेदार ओहदो में बैठे हुए हैं उनको इस प्रकार के दुष्ट आचारण से अपने को बचाना चाहिए अन्यथा यह बात आगे चल कर और भयंकर रूप धारण कर सकती है । लेकिन इस तरह से चुनावों के अन्दर पद का दुरुपयोग हुआ है । राजस्थान के अन्दर भी इस प्रकार के मामले हुएहैं । हमारे मित्र श्री भैरों सिंह शेखावत यहां पर बैठे हुए है । इनको अच्छी तरह से याद होगा कि राजस्थान के अंदर मेडता विधान सभा के निर्वाचन में एक सज्जन जो सरकारी दल से संबंधित थे, सुप्रीम कोर्ट में आए । सुप्रीम कोर्ट ने जो निर्णय दिया उसको मैं पढ़ कर आपको सुनाना चाहता हूं जिससे पता चलेगा कि सरकारी औहदों पर बैठे हुए लोग किस प्रकार से अपने पदों का दुरुपयोग करते है । इससे यह स्पष्ट हो जायेगा और यह भी पता चलेगा कि हमारी चुनाव प्रणाली आज भ्रष्टाचार की ओर तेजी से चली जा रही है । 'लिफाफे बदल कर ही हेरफेर किया जा सकता था । निर्वाचन अधि-कारी को मुद्रा और लाख बिना कठिनाई के उपलब्ध थी । इस प्रकार रबड़ की मुहरें और स्याही के पैड भी उपलब्ध थे । मत-पत्रों में हेर फेर याचिका दायर करने वाले प्रार्थी जो मंत्रि-मंडल के सदस्य थे उनके दुराग्रह के बिना नहीं किया जा सकता था । और न ही यह मेडता विधान मंडल क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी के सक्रिय सहयोग के बिना संभव हो सकता था जो व्यक्ति मत पत्रों में हेर फेर करने की दुस्साहस कर सकते थे उनके लिए लिफाफे उपलब्ध कर लेना कोई कठिन कार्य नहीं रहा होगा । यह बात सर्वोच्च न्यायालय ने कही है । अगर जिम्मे-दारियों के औहदों पर बैठे हुए लोग इस प्रकार से भ्रष्ट आचरण करने लगे तो आप बताइये कि सामान्य व्यक्ति इस प्रकार से इन भ्रष्ट आचरणों से बच सकता है ? मेरा कहना यह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने जब इस प्रकार का निर्णय दिया है तो इस पर थोड़ा सा गम्भी-रता से सोचना चाहिए । कुछ दिन पूर्व उत्तर प्रदेश में विधान सभा के निर्वाचन हुए थे । वहां पर इस प्रकार की शिकायत सुनने को मिली कि जाली मत-पत्र पकड़े गये और थोड़ी संख्या में नहीं , बड़ी संख्या में पकड़े गये । गलत ढंग से बाहर से लोगों को बुलाया गया । मत-दाताओं को प्रभावित करने के लिए हरियाणा की सरकार आई, राजस्थान की सरकार आई, मध्य प्रदेश की सरकार आई । हो सकता है कि सत्ताधारी दल के होने के कारण वे लोग आए हों । लेकिन इन सब बातों के बावजूद उत्तर प्रदेश की जनता के अपना निर्णय दिया और सत्ताधारी दल के विपरित विरोधी दलों को 67 प्रतिशत मत दिये । यह दुर्भाग्य था विरोधी दलो का कि वे 10 जगह बंटे हुए थे ; उन 67 प्रतिशत मतों का सही उपयोग नहीं कर सके लेकिन जनता थी उसने सत्ताधारी दल के विपक्ष में निर्णय दिया । अभी हाल में आसाम में डारपेटो के चुनाव के अंदर क्या हुआ शाम तक चुनाव में जो प्रत्याशी पहले दिन जीत रहा था—संभवतः आपने भी आकाशवाणी में सुना हो उसमें रात्रि के समाचार बुलेटिन में आया था कि 28,000 मतों से विरोधी दल का प्रत्याशी

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

आगे है--दूसरे दिन आता है कि सत्ताधारी दल का प्रत्याशी 40,000 से अधिक मतों से जीत जाता है। अब क्या हुआ क्या रात के रात करिश्मा आ, हम नहीं जानते। लेकिन वही सज्जन जो विरोधी दल के प्रत्याशी थे, श्री जयप्रकाश नारायण से मिलने आ रहे थे। तो उनके हाथ में जाली मत पत्रों का बण्डल था जो वह दिखाने जा रहे थे, उनको हवाई अड्डे पर गिरफ्तार करके पुलिस ले गई। मैं जानना चाहता हूँ इस समाचार में सत्यता कहां तक है, कहां तक नहीं है ? जरा श्री गोखले साहब इसको तह में जाकर विचार करें कि अगर हमारी चुनाव प्रणाली इसी तरह से दुषित होती चली जाएगी तो एक समय आएगा जब प्रजातंत्र की आधारभूत चुनाव पद्धति से लोगों का विश्वास उठता चला जाएगा।

सरकारी तंत्र के दुरुपयोग की भी कुछ चर्चा मैं करना चाहता हूं। एक तो आकाशवाणी का दुरुपयोग चुनाव के समय किस प्रकार से किया जाता है, वह है, दूसरे जो विमान हैं, हैलिकाप्टर हैं, गाडियां है, उनका किस प्रकार से दुरुपयोग किया जाता है। तीसरा रूप यह है कि कहीं कारखानों की नींव रखी जा रही है, कहीं रेल्वे लाईनों की बुनियाद रखी जा रही, इस तरह की पद्धति अपनाई जाती है। लेकिन इन सबसे अधिक भ्रष्ट तरीका जो चुनाव कराने की मशीनरी, चुनाव कराने का माध्यम है मेरा संकेत प्रशासकीय अधिकारियों से है, उनके द्वारा किस प्रकार से भ्रष्ट आचरण कराते हैं या जिस तरह से सरकारी तंत्र का दुरुपयोग होता है उसका भी नमुना देना चाहता हूं। कहीं तो यह होता है और अधिकारी जो निष्पक्ष ढंग से काम करें, ऊपर से आदेश दे दिया कि इसका ट्रांसफर करो। ऊपर किसी चुनाव क्षेत्र का व्यक्ति कहता है कि वह अधिकारी हमारे अनुकूल नहीं बैठेगा तो चुनाव क्षेत्र से उसका ट्रांसफर कर दिया जाता है। ऐसी भी घटनाएं देखने में आती हैं जहां सहयोग दिया तो प्रमोशन होना मामूली सी बात है, उसको पदोन्नति कर दी जाती है। ऐसी-ऐसी घटनायें सुनने में आती है कि उम्मीदवार से किसी ने अच्छा सहयोग किया तो उसकी वेतन वृद्धी कर दी जाती है। इससे बचने का एक ही प्रकार है कि हम अगर निर्वाचन-प्रणाली को शुद्ध स्वरूप देना चाहते हैं तो हमको चाहिए कि निर्वाचनों से दो मास पूर्व सरकार त्याग-पत्र दे दे राष्ट्रपति के हाथ में या किसी प्रकार को निपक्ष मशीनरी के हाथ में सत्ता दे दी जाय, जिससे जनता को सही निर्णय देने का अधिकार मिल सके और सरकारी तंत्र का किसी प्रकार से दुरुपयोग नहीं हो सके।

अगली बात मैं यह कहना चाहता हूं कि चुनावों में जो धन की भूमिका हमारी राजनीति को दूषित करती जा रही है, उसके संबंध में उन उदाहरणों को मैं विस्तार से नहीं देना चाहता। यदि दरभंगा से जो लोक सभा के लिए चुनाव हुआ था उसमें किस प्रकार धन की होली खेली गई, कटक में जो चुनाव हुआ उसमें किस प्रकार से धन की होली खेली गई और अभी जबलपुर में जहां से विपक्षी दल का उम्मीदवार लोक सभा में चुन कर आया वहां क्या स्थिति हुई ? मैं उसके विस्तार में नहीं जाना चाहता। लेकिन जो तथ्य सामने आए हैं। उन्हें आप भी स्वीकार करेंगे। जैसा वांचू समिति की रिपोर्ट है जो प्रत्यक्ष करों के बारे में उन्होंने दी, उसमें वांचू समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यह जो काला धन देश में बढ़ता चला जा रहा है इसका एक बहुत बडा कारण यह है कि ये जो कंपनीज और कारखाने वाले है वे बहुत बड़ी संख्या में काला धन राजनैतिक पार्टियों को देते हैं, व उनको संरक्षण देते है; उसका परिणाम यह है कि देश में काला धन रुक नहीं रहा और उसकी संख्या बढ़ती जा रही है। जो निर्वाचन आयोग है उसने भी 1963 की रिपोर्ट में एक तथ्य दिया है। निर्वाचन आयोग के शब्द यह है कि निर्वाचन व्यय संबंधी वर्तमान उपबंध अनुपयुक्त हैं, उनमें भारी संशोधन अथवा उनमें पूर्णतया संशोधन होने की आवश्यकता

है। यह निर्वाचन आयोग का कथन है; पहले मैंने वांचू समिति की बात बताई थी। अब सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय क्या हुआ? अभी कुछ समय पहले दिल्ली से आने वाले एक लोक सभा सदस्य, श्री अमरनाथ चावला, जो भ्रष्ट आचरण के अंदर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अपने स्थान से हटाए गए हैं, उनके संबंध में सर्वोच्च न्यायालय ने जो निर्णय दिया है उसका एक पैरा मैं पढ़ कर सुनाना चाहता हूं :—

ऐसी स्थिति में जब कोई राशि इस प्रकार से खर्च की गई हो कि उसका किसी उम्मीदवार से संबंध बढ़ता है तो उस राशि को उस उम्मीदवार के खर्च में शामिल किया जा सकता है। इतना ही नहीं, आगे चल कर सर्वोच्च न्यायालय कहता है : कानून बनाने वालों को यह मन्शा कभी नहीं हो सकती कि जो काम व्यक्तिगत रूप से कोई उम्मीदवार नहीं कर सकता वही काम करने की उसकी पार्टी, उसके मित्र और उसके समर्थकों को खुली छुट दी जाए। यानी, सर्वोच्च न्यायालय ने एक स्पष्ट निर्णय दिया। मेरा अनुमान था कि वर्तमान सरकार कम से कम सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय को मानेगी और निर्वाचन प्रणाली में सुधार करेगी। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की स्याही सूखी नहीं थी कि राष्ट्रपति का आर्डिनेन्स जारी करवा दिया। और यह आर्डिनेंस जारी क्यों हुआ? क्योंकि यह कहा गया कि कुछ प्रकार की याचिकाएं न्यायालयों में विचाराधीन पड़ी हुई हैं जिसमें इसी प्रश्न को लेकर निर्णय न ले लिया जाय।

अब आप ही बतलाइये कि किसी भी शुद्ध प्रजातांत्रिक पद्धति से चलने वाले देश में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों का सम्मान किस प्रकार से किया जाना चाहिये और यहां पर किस प्रकार से उसको तिरस्कृत किया जाता है। इस तरह से दो तीन बातों द्वारा आर्डिनेंस जारी कर दिया जाता है। अध्यादेश में यह कहा गया है :

"किसी प्रतिकूल फैसले, आदेश या निर्णय के बावजूद राजनीतिक पार्टी अथवा लोगों की किसी अन्य संस्था या संघटन अथवा किसी व्यक्ति (उम्मीदवार या उसके चुनाव एजेंट से भिन्न) द्वारा किसी उम्मीदवार के चुनाव में खर्च किया गया या खर्च के लिए अनुमित धन स्वयं उम्मीदवार या उसके चुनाव एजेंट द्वारा चुनाव पर खर्च किया गया धन न तो कभी माना गया और न कभी माना जायेगा,"।

अब आप ही बतलाइये कि कितना बड़ा संविधान का उपहास है। सर्वोच्च न्यायालय ने एक बड़ा निर्णय स्पष्टता और निष्पक्षता के साथ दिया है, परन्तु सरकार इस चीज को स्वीकार करने के लिये तैयार नहीं है। अब मैंने यह भी सुना है कि जो कम्पनी वालों से चन्दा लेने पर प्रतिबन्ध लगा हुआ था, उसको सरकार खोलने पर विचार कर रही है। हालांकि प्रतिबन्ध के बाद भी सत्ताधारी दल को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं थी, लेकिन प्रतिबन्ध खुलने के बाद अधिक धनराशि विरोधी पक्ष को चला जायेगा और सत्ताधारी दल को नहीं मिलेगा यह कैसे सम्भव हो सकता है? तो मेरा कहना यह है कि इस प्रकार का जो प्रतिबन्ध है उसको और भी सख्त किया जाय ताकि चुनाव में धन की राशि जो अनुचित भूमिका है, वह हटाई जा सके। अब तो स्थिति यह हो गई है कि कम्पनी वाले पहले चन्दा ही देते थे और अब कम्पनी वाले लाखों-करोड़ों रुपया लगा लगा-कर चुनाव में सीधा हिस्सा लेने लगे और इस तरह से लोक सभा और राज्य सभा के चुनावों में उतरने लगे हैं। इस सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार को निष्पक्षता के साथ-साथ इस बात का पता लगाना चाहिये कि कोई भी धनपति, कोई भी पूंजीपति अपना धन चुनाव में न लगाये। इस तरह जो धन की वह गंगा में बहाता है, नदी में बहाता है। पर गंगा पवित्र है मैं गंगा की उपमा नहीं देना चाहता हूं। लेकिन कोई भी धनपति अगर धन को गन्दी नाली बहाता है और चुनाव में प्रत्यक्ष रूप से इस तरह से हिस्सा लेता है, तो इस तरह के व्यक्ति को जीवन भर चुनाव में खड़ा नहो

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

सके इस तरह की व्यवस्था हमारे संविधान में होनी चाहिये । आज इस तरह से कुछ पूंजीपति करोड़ों रुपया खर्च करके हमारे प्रजातंत्र की प्रणाली को दूषित करना चाहते हैं ।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि जैसा सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय ने इस बात का संकेत दिया है कि पार्टियां भी अगर किसी व्यक्ति पर खर्च करती है, तो पार्टियों द्वारा किया गया खर्च भी उस चुनाव में जीते हुए प्रतिनिधि को अपने चुनाव के खर्च के विवरण में पेश करना चाहिये । इस तरह से पार्टी द्वारा जो खर्च उस व्यक्ति के लिये किया जाता है, वह उस व्यक्ति की जिम्मेदारी होगी कि वह उस खर्च को अपने चुनाव खर्च में सम्मिलित करें । दूसरी बात यह है कि पार्टियों के खर्च का इंटर्नल आडिट भी होना चाहिये । यह नहीं होना चाहिये कि पार्टियां जिस तरह से चाहे खर्च करें और उन पर किसी तरह का कोई प्रतिबन्ध न हो । मैं यह भी चाहता हूं कि पार्टियां जो धन संग्रह करती हैं और जो आमदनी के स्त्रोत हैं, उन्हें बताना चाहिये कि इतना धन कहां से आया ताकि चुनाव निष्पक्षता के साथ हो सकें । इस बात को हम सब लोगों को मिलकर सोचना चाहिए ।

श्री गोखले जी ने एक बात जो कुछ दिन पहिले लोक सभा और इस सदन में स्वीकार की थी कि सरकार गम्भीरता के साथ इस प्रश्न पर विचार कर रही है कि जो लोग चुनाव के अन्दर खड़े होते हैं, वे पूंजीपतियों पर निर्भर न रहें और वे अपनी ईमानदारी, अपनी सेवा और अपने चरित्र के बल पर अपने मतदाताओं का विश्वास प्राप्त कर सकें तथा जीतकर आ सकें, इस के लिये सरकार को अपनी ओर से उनको कुछ सहायता देनी चाहिये । जिस तरह से जर्मनी में और दूसरे देशों में होता है, उसी तरह की कुछ व्यवस्था यहां पर भी करनी चाहिये । आपने कहा कि इस सम्बन्ध में अभी कोई निर्णय नहीं हो पाया है, लेकिन मेरा कहना यह है कि आप कोई निर्णय न कर पाये परन्तु इतना तो निर्णय कम से कम किया जा सकता है — चाहे आप नकद राशि इस सम्बन्ध में न दे—लेकिन प्रकाशन सामग्री और पर्चियों के सम्बन्ध में जो खर्च होता है और दूसरे इस प्रकार के जो भारी व्यय करने पड़ते हैं, उसमें धन या सहायता की जा सकती है ।

अंत में, दो तीन बात कह कर मैं अपनी बात समाप्त कर दूंगा । पहली बात जो सबसे बड़ी है वह है निर्वाचन आयोग की भूमिका के बारे में । हमें ऐसा लग रहा है कि निर्वाचन आयोग एक स्वतंत्र संगठन न रहकर सहकारी तंत्र की भूमिका अदा कर रहा है । पहले यह पद्धति थी कि जब किसी बात के बारे में कोई निर्णय लेना होता था तो सभी राजनीतिक पार्टियों के दलों को विश्वास में ले लिया जाता था और उनका विश्वास प्राप्त करके निर्णय किया जाता था । अब कुछ दिनों से यह पद्धति समाप्त होती जा रही है । मैं इस सम्बन्ध में एक दो उदाहरण देना चाहता हूं और वह यह है कि प्रत्येक मतदान केन्द्रों के प्राप्त मतों की गणना एक साथ मिलकर की जाय । इतना बड़ा अव्यवहारिक निर्णय लिया गया है और इस बारे में निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों को विश्वास में लेना उपयुक्त नहीं समझा है ।

अभी कुछ दिन पहले निर्वाचन आयोग ने यह घोषणा की थी कि बिहार विधान सभा के रिक्त स्थानों की पूर्ति की जायेगी । इस संबंध में चुनाव की तारीख तक घोषित कर दी गई थी, लेकिन जब उनको यह पता लगा कि हवा का रुख उल्टा हो गया है, तो निर्वाचन आयोग ने फिर अपना आदेश वापस ले लिया । इसी तरह से कुछ दिन पहले जम्मू में चुनाव होने जा रहे थे , लेकिन चुनाव आयोग ने सात दिन पहिले अपने आदेश को वापस ले लिया ।

गुजरात विधान सभा के निर्वाचन के सम्बन्ध में लगता रहा अब हो, अब हो ,लेकि

हुआ नहीं । निर्वाचन आयोग की भूमिका गुजरात के सम्बन्ध में निष्पक्ष नहीं लगती । जिस प्रकार की निर्वाचन आयोग की भूमिका रही है उससे उसकी निष्पक्षता पर सन्देह होता चला जा रहा है । निर्वाचन के लिए जो मतदाता-सूचियां तैयार की जा रही हैं उसमें निर्वाचन आयोग जिस तरह पक्षपात से या एकपक्षीय रुख से काम कर रहा है उस प्रकार ऐसे स्वतंत्र संगठन को काम नहीं करना चाहिए । होना यह चाहिए था कि दस वर्ष के बाद जब नई जनगणना के आंकड़े आते है उनके आधार पर निर्वाचन के लिए मतदातासूचियां तैयार होगी अब 1976 में जब निर्वाचन होगा तो उसके लिए 71 की जनगणना के आधार पर मतदाता-सूचियां क्यों नहीं बनाई जा सकतीं ? लेकिन, उपसभापति जी, हो यह रहा है कि 1976 के निर्वाचनों के लिए 1971 की जो मतदाता-सूची है उसको आधार माना जा रहा है और 1971 की सूची 1965 की सूची को आधार मानकर तैयार की गई थी । इसका परिणाम यह होगा कि देश के करीब 5 करोड़ मतदाता अपने मत के अधिकार से वंचित रह जाएंगे । निर्वाचन आयोग ने जो यह निर्णय किया है यह निष्पक्ष निर्णय नहीं लगता । इससे लगता है कि निर्वाचन आयोग स्वतंत्र संगठन के रूप में न रहकर सरकारी तंत्र का हिस्सा बनता चला जा रहा है । इसलिए मेरा अपना सुझाव है कि निर्वाचन आयोग को एक बहु-सदस्यीय आयोग बनाना चाहिए, 'बहु-सदस्यीय' इसलिए भी कहना चाहता हूं क्योंकि संविधान की धारा 324 में स्पष्ट उल्लेख है कि निर्वाचन आयोग में मुख्य निर्वाचन आयुक्त के अतिरिक्त ऐसे सदस्य और दूसरे निर्वाचन आयुक्त होंगे कि जिन्हें समय समय पर राष्ट्रपति नियुक्त करेंगे। उसमें स्पष्ट उल्लेख है कि एक निर्वाचन आयुक्त नहीं होगा, बल्कि उसमें बहुवचन का प्रयोग किया गया है । मैं उस समय की बात कर रहा हूं जब निर्वाचन आयोग बना था, उस समय देश में 17 करोड़ मतदाता थे, लेकिन आज सरकारी आंकड़ों के अनुसार-यदि सही मतदाता सूची तयार न करें तो भी—32 करोड़ मतदाता होंगे । कितने मतदाता-केन्द्र बढ़ गए हैं, कितने मतदाता बढ़ गए हैं, कितनी समस्याएं बढ़ गई हैं ऐसे में एक निर्वाचन आयुक्त निष्पक्षता के साथ निर्वाचन की भूमिका का सम्पादन कर सके, इसमें मुझे सन्देह प्रतीत होता है । स्वयं निर्वाचन आयोग ने भी अपने सम्बन्ध में इस प्रकार की ही बात कहीं है जिससे स्पष्ट होता है कि निर्वाचन आयोग के सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाय । डा० चेन्ना रेड्डी को जो 6 साल के लिए सुप्रीम कोर्ट ने डिबार किया और उसके ऊपर चेन्ना रेड्डी ने जो निर्वाचन आयोग के सामने अपील की उस सम्बन्ध में निर्वाचन आयोग ने जो शब्द कहे मैं उनको पढ़कर सुनाए देता हूं । उससे यह स्पष्ट होता है कि निर्वाचन आयुक्त भी चाहता है कि एक व्यक्ति के हाथ में इतना बड़ा आयोग न हो, बल्की वह चाहता है कि उसके सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाय । निर्वाचन आयोग का कहना यह है—उच्चतम न्यायालय ने प्रमाणों की भलीभांति सूक्ष्म परीक्षा की है तथा उनका मूल्यांकन किया है या नहीं, यह जांचने के लिए मैं स्वयं को उच्चतर—उच्चतम न्यायालय नहीं मान सकता हूं । मैं सम्मानपूर्वक कहना चाहूंगा कि ऐसा करना देश के सर्वोच्च न्यायाधिकरण की प्रतिष्ठा के प्रति अपमानसूचक होगा । यह संविधान के अनुच्छेद 141 व अनुच्छेद 144 की भाषा, भाव और सिद्धांत के भी विरुद्ध होगा । क्योंकि वहां सर्वोच्च न्यायालय की बैंच ने निर्णय दिया और उसकी अपील एक व्यक्ति के सामने हो, निर्वाचन आयुक्त के सामने हो, उसके लिए मैं अपने को समर्थ नहीं मानता । निर्वाचन आयोग स्वयं चाहता है कि उसके सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाय, लेकिन पता नहीं सरकार क्यों इस प्रश्न को रोके बैठी हुई है । एक तो मैं यह चाहता हूं कि निर्वाचन आयोग के सदस्यों की संख्या बढ़ायी जाय । दूसरे मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति की भी वही पद्धति रहनी चाहिए जो लोकपाल या लोकआयुक्त के बारे में है कि सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य न्यायाधीश और विरोधी दल के नेता, सब मिल कर

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

लोकपाल और लोकआयुक्त की नियुक्ति करेंगे उसी प्रकार निर्वाचन आयोग बहु-सदस्यीय हो और सरकार उसकी नियुक्ति न करे, राष्ट्रपति न करे बल्कि सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश और विरोधी दल के नेता मिल कर नियुक्ति करें। ऐसी पद्धति अपनाई जाय जिससे देश में विश्वास हो सके कि यह जो निर्वाचन आयुक्त को अपने स्थान पर बैठाया गया है उनका बड़े निष्पक्ष भाव से चयन हुआ है। दूसरे मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत सरकार के मुख्य सचिवों में से नहीं रखा जाना चाहिए। मुख्य निर्वाचन आयुक्त को रिटायरमेंट के बाद फिर नए पद या नए स्थान भी नहीं मिलने चाहिएं। जैसा सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के सम्बन्ध में है वही पद्धति इसके सम्बन्ध में भी रहनी चाहिए। इसके साथ ही मैं कहना चाहूंगा कि निर्वाचन आयोग को चाहिए कि सभी दलों को विश्वास में लेकर निर्णय ले।

अन्तिम बात जिसको कह कर मैं बैठ रहा हूं वह यह है कि जातिवाद की भूमिका चुनावों के अन्दर बढ़ती चली जा रही है। एक केस में सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा है कि जातिवाद की भूमिका हमारी निर्वाचन प्रणाली को बहुत दूषित करती चली जा रही है।

उपसभापति जी, मैं एक बार राष्ट्रीय एकता परिषद का सदस्य था। उस की पहली बैठक जब दिल्ली में बुलाई गयी थी जवाहरलाल जी द्वारा तो उस समय डा० जाकिर हुसैन साहब बिहार के गवर्नर थे और वह भी उस के सदस्य के रूप में उस राष्ट्रीय एकता परिषद में भाग लेने आये थे। उस समय उन्होंने उस परिषद में कहा था कि तुम राष्ट्रीय एकता की बात करते हो लेकिन मौलाना आजाद को जिताने के लिये तुम को रामपुर या गुडगांवा की कांस्टीट्यूएंसी चाहिए जहां कि मुसलमानों का भारी बहुमत है। लेकिन हमारा दुर्भाग्य यह है कि हमारे चुनावों में या टिकट देते समय राजनीतिक पार्टियां भी इस प्रकार की दुर्बलता की शिकार बनती है। जब लोग चुनाव में जीत कर आते हैं तो मंत्रिमंडल का निर्माण करते समय इसी तरह की छोटी छोटी चीजों को आधार माना जाता है। तो मैं चाहता हूं कि इस संबंध में बहुत गंभीरता के साथ निर्णय लिया जाना चाहिए।

दूसरी बात जिस को कह कर मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूं यह है आनुपातिक प्रतिनिधित्व के बारे में। आनुपातिक प्रतिनिधित्व के संबंध में मैं केवल इतना ही कहना चाहूंगा कि कई देशों ने इस का परीक्षण किया है और परीक्षण करने के बाद वह उसमें कितना सफल रहे और कितना सफल नहीं रहे इस विषय में वह अभी तक पूरी तरह किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सके हैं। जिन देशों में यह पद्धति जारी है उसमें भी इस संबंध में काफी खोजें की जा रही है। तो मैं श्री गोखले से यह अवश्य चाहता हूं कि वह इस आनुपातिक प्रतिनिधित्व की चुनाव पद्धति को लागू करने के लिये विशेषज्ञों की एक समिति बनायें जो यह देखे कि इस देश में कहां तक यह पद्धति व्यावहारिक हो सकती है। मैं स्वयं इस पक्ष में हूं कि यदि आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति इस देश में जारी की जा सके तो जनता के सही मतों का प्रदर्शन उन की भावनाओं का और उनकी आशाओं और इच्छाओं का प्रतिनिधित्व संसद में और विधान मंडलों में हो सकता है। इसलिये इन सभी बातों की जानकारी करने के लिये और इन सभी बातों को सही रूप देने के लिये मेरी अपनी इच्छा है कि विधि मंत्री श्री गोखले एक निर्वाचन पद्धति के लिये एक राष्ट्रीय आयोग की नियुक्ति करें। लेकिन राष्ट्रीय आयोग की नियुक्ति करने से मेरा अभिप्राय यह नहीं है कि उस के लिये दो, तीन साल की अवधि दे दी जाय। उस का कम से कम तीन महीने के अंदर आप प्रति-वेदन ले लें और उस के बाद भारत की चुनाव पद्धति में इस प्रकार के सुधार करें जिससे आने वाली पीढ़ी और देश में जो मतदाता है या देश की

जो जनता है उसका चुनाव की पद्धति में विश्वास जम सके। इन शब्दों के साथ मैं अपने प्रस्ताव को प्रस्तुत करता हूं ।

श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूंडावत (राजस्थान): उपसभापति महोदय, जहां तक चुनावों में सुधारों का सवाल है हमारी पार्टी, हमारी सरकार का इस मामले में बड़ा स्पष्ट मत है कि चुनाव में जहां सुधारों की आवश्यकता हो वहां चुनावों में सुधार किये जायें । अभी शास्त्री जी ने यह बताया कि जे० पी० आन्दोलन का एक खास मुद्दा यह रहा है कि चुनाव पद्धति में सुधार किया जाय । उस के बारे में भी हमारी सरकार ने स्पष्ट कहा था कि आप लोग जो सुझाव देना चाहते हैं उनके बारे में विचार किया जा सकता है । जहां सुधारों की आवश्यकता हो हम सुधार करने के लिये तैयार हैं और मेरा अपना निजी मत भी है कि चुनाव पद्धति में कुछ सुधार करने की आवश्यकता अवश्य है । अभी कुछ महीने पहले इस संबंध में एक ज्वायंट सेलेक्ट कमेटी बैठी थी, उसमें भी उन्होंने मे आई रेक्वेस्ट यू फार दि आर्डर इन दि हाउस । (*Interruptions*) थोड़े से पार्लियामेंटरी एटीकेट की तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहती हूं । अगर मेरी बात सुन लें तो मेहरबानी होगी । (*Interruptions*)

श्री राजनारायण (उत्तर प्रदेश) : आप अपने पड़ोसी से कहिये ।

श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूंडावत : पड़ोसी तो चुप रहेंगे । तो उपसभापति जी, चुनाव पद्धति में कुछ सुधार करने की आवश्यकता है और खासतौर से जहां तक खर्च का सवाल है हमारे यहां की आर्थिक स्थिति को देखते हुए चुनाव पर जिस तरह से खर्च होता है उसके लिये हमें कुछ ऐसे कदम उठाने चाहिएं जिससे कि चुनाव में खर्च कम हो । उसके संबंध में कुछ थोड़े से सुझाव भी दिये जा सकते है । जैसे इंग्लैंड में रायल प्रोक्लेमेशन के बाद केवल 19 दिन दिये जाते हैं और हमारे यहां 35 दिन दिये जाते हैं, उसके बजाय अगर 19 दिन कम होते हैं तो 35 दिन की अवधि को घटा कर 20 या 25 या 27 दिन कर सकते हैं और अगर इस तरह से इस अवधि को कम कर दिया जाय तो चुनाव खर्च में काफी कमी हो सकती है । दूसरे जबसे हमारे यहां नामिनेशन फाइल किये जाते हैं उस दिन से लेकर जब तक पोलिंग पूरी नहीं होती तब तक शराब पर बिल्कुल पाबन्दी लगा दी जानी चाहिए । चुनाव के दिनों में जिस तरह से शराब बांटी जाती है, जिस तरह से उसका दुरुपयोग होता है और चरित्र पर लोगों का उसका बुरा असर पड़ता है और खर्च में भी उसके कारण जो विशेषता आती है उसको ध्यान में रखते हुए उन दिनों में शराब पर बिल्कुल बन्दी हो जानी चाहिए ।

आजकल तीन दिन पहले रोका जाता है, बाकी बराबर चलता है । इसलिये मेरा सुझाव है कि जिस दिन नामिनेशन फाइल हों उसी दिन से लेकर पोलिंग के दिन तक शराब को बिल्कुल वर्जित कर दिया जाए ।

जब चुनावों के खर्चों को देखते हैं तो सबसे बड़ा सवाल आता है मोटर के पैट्रोल के खर्चे को लेकर । आगे जो चुनाव होने वाले हैं उनमें पेट्रोल के भाव को देखते हुए इसका खर्चा बहुत बढ़ जाएगा । तो कानून में चाहे जितनी रकम बांध दो केवल कानून में रकम बांध देने से खर्चे में कमी नहीं आयेगी । कानून में आप 10 हजार रखो, 20 हजार रखो, लेकिन जैसा आजकल होता है वैसा ही होता चला जाएगा । मैं जब पेट्रोल की ओर ध्यान दिलाती हूं तो मुझे कहना पड़ता है कि पार्टियां चुनावों के मौके पर जिस सरगर्मी के साथ जीपों को मैदान में दौड़ाती हैं उससे खर्चा बहुत ज्यादा हो जाता है । मैं आपके सामने एक उदाहरण रखना चाहती हूं ।

SHRI BHUPESH GUPTA (West Bengal) : How much did Gayatri Devi spend?

श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूंडावत : मैं अपने राज्य का एक उदाहरण आपके सामने रखना चाहती हूं। लोक सभा का जो दोसा से चुनाव हुआ था। उसमें हीरालाल सोमानी खड़े हुए थे। उनके पास 240 जीपें थीं। राजस्थान में जब के० के० बिड़ला चुनाव में उतरे तो उस क्षेत्र में 1400 बूथ थे। एक एक बूथ पर एक एक जीप रखी गई थी। मैं बिल्कुल गलत नहीं कह रही हूं। कई बूथ ऐसे थे जहां दो पार्टियां हो गई थीं। उनकी अलग अलग जीपें थीं . . .

(Interruptions)

श्री जगदीश प्रसाद माथुर (राजस्थान): रायबरेली का भी बता दीजिए . . .

(Interruption)

श्री लक्ष्मी कुमारी चूंडावत : मैं निवेदन करूंगी कि जब आपके किसी व्यक्ति के ऊपर आक्षेप किया जाता है तो एकदम सारे क्यों बोलने लगते हैं ? हम आक्षेप मुस्कराते हुए स्वीकार करते हैं तो आपमें इतनी भी शक्ति नहीं है कि आप हमारी बात सुन सकें ?

तो सभापति महोदय, मेरा कहना यह था कि 1400 जीपें वहां थीं। जहां जहां मतदाताओं में दो पार्टियां थीं वहां पर एक एक जीप और दे दी थी। बिड़ला जी के जो अधिकारी थे, मिल के अफसर थे, तथा बाहर से आये हुए थे उनकी सेवा के लिए अलग जीपें थीं जिनकी गिनती 60 के लगभग थी। जब प्रकाशवीर शास्त्री जी ने अभी जिक्र किया धन की होली जलाने का तो उनके ध्यान में यह पाइंट नहीं आया। इसका मुझे अफसोस है। जब उन्होंने धन की होली जलाने के बारे में उदाहरण दिये तो कहा कि रामगढ़ के राजा हेलीकोप्टर से चुनाव लड़े थे लेकिन उनको राजमाता ग्वालियर की याद नहीं आई। अच्छा होता कि जब आपने कहा था कि मैं किसी पोलिटिकल पार्टी का जिक्र नहीं करता हूं तो नाम गिनाते समय कुछ अपने भी नाम गिनाये होते, कुछ इधर के कुछ उधर के नाम गिना दिये होते। . . .

(Interruption)

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : मैं बाधा डालने की पद्धति पसन्द नहीं करता हूं, चूंकि आपने मेरा नाम लिया है, इसलिए स्पष्ट कर दूं कि मैंने आपकी पार्टी के भी किसी व्यक्ति का नाम नहीं लिया था। लेकिन अगर आप यह कहती हैं कि राजा रामगढ़ और रानी ग्वालियर ने हेलीकोप्टर से चुनाव लड़े तो इन दोनों के हेलीकोप्टर सरकारी नहीं थे और सरकारी हेलीकोप्टर और हवाई जहाज आपकी पार्टी इस्तेमाल करती है।

श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूंडावत : चाहे जो है, धन की होली जलाने का जिक्र किया। किस तरह से हुआ क्या हुआ यह सारे की सारी धन की होली है, जनता की सम्पत्ति है, सारा का सारा देश का माल है, सारे का सारा इसका संपर्क चुनाव आचरण से बैठता है। आपकी पार्टी हो या हमारी पार्टी हो या दूसरों की हो। दूसरे, प्रकाशवीर शास्त्री जी ने गम्भीरता के साथ पार्टियों के चुनाव खर्च की जांच करने की सुन्दर आयोजना बताई। मैं चाहती हूं कि आप जे० पी० आन्दोलन में जो करोड़ों रुपया लगा है, सबसे पहले इसी की जांच के लिए राजी हो जायें कि यह धन कहां से आ रहा है क्योंकि बिल्कुल ताजा मामला आज का है और आगे भी चलेगा।

और उसके बारे में कई तरह की बातें कही जाती हैं। यह भी कहा जाता है कि विदेशों से पैसा आता है। तो मेरा कहना है कि इसकी जांच होनी चाहिए। इसके लिए सारी पार्टियों का इन्टरनल डंग से आडिट किया जाये।

आपने चुनाव आन्दोलन की बात भी कही। एक तरफ तो आप बिहार में लोगों को चुनाव में जाने के लिए कह रहे हैं और दूसरी तरफ नागालैण्ड में जिनको निकाला गया है उनको वापस लेने की बात करते हैं। आप दोनों तरफ की बातें करते हैं। समझ में नहीं आता आप किस पक्ष में रह कर बात कर रहे हैं। सभापति महोदय, कुछ पार्टियों का बड़ा जोर है...

SHRI G. LAKSHMANAN (Tamil Nadu); Regarding JP movement's expenses, we have got a Government which is so incompetent that it is not able to find out from which source the money comes. You accept your incompetence.

SHRIMATI LAKSHMI KUMARi

सभापति महोदय, कुछ पार्टियों का यह ख्याल है कि जो मेम्बर चुन कर भेजे जाएं उनको वापस रिकाल किया जाए । यह बात कहने को तो सुन्दर लगती है, यह बात सुनने में लुभावनी लगती है और इसके ऊपर ताकत भी लग रही है लेकिन वास्तव में यह इम्प्रैक्टिकेबल है । प्रैक्टिस में यह नहीं आ सकती । एक एम० पी० के चुनाव में 10 लाख की जनसंख्या होती है । अगर उसके अप्लीकेशन के लिए रेफ्रैन्डम में देने के लिए 10 परसेंट व्यक्तियों के हस्ताक्षर कराए जाएं तो 40 हजार व्यक्तियों के हस्ताक्षर कराने पड़ेंगे । आप सोचिए 40 हजार व्यक्तियों के हस्ताक्षर कैसे कराए जाएंगे । अगर हस्ताक्षर करा लिए गए तो उनको वैरिफाई कौन करेगा । जिस ढंग से हमारे आन्दोलन चल रहे है उसको देखते हुए तो कितने ही झूठे हस्ताक्षर होंगे । कई अंगूठे होंगे, कई नाम झूठे लिखे जाएंगे तो क्या उनके हस्ताक्षर वैरिफाई किये जा सकेंगे । मैं समझती हूं फिर चुनाव पर चुनाव चलते जाएंगे । अभी जब कि रिकाल का सवाल नहीं है तब भी इन साल-डेढ साल में आप देख रहे हैं कि चुने हुए प्रतिनिधियों को कई तकलिफों से गुजरना पड़ रहा है । मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगी कि आप जानते है किस तरह से आन्ध्र में चुनी हुई महिला की साड़ी उतारी गई । इसी तरह मैं अब आपको गुजरात की बात भी बताना चाहती हूं । आप अच्छी तरह से जानते हैं कि गुजरात में जो चुने हुए प्रतिनिधि थे उनके घरवालों के बालबच्चों का घेराव किया गया था । उनके उपर पत्थर मारे गए । उनको अपनी सुरक्षा की मुश्किल हो गई ।

CHUNDAWAT : Thanks for your information.

इसी तरह से बिहार के अन्दर भी चुने हुए प्रतिनिधियों के साथ हुआ । आपके जो नेता है वे अहिंसा का नारा लगा कर कहते है कि आप किसी को थप्पड़ मार सकते हैं । अगर ऐसी अवस्था में रिकाल की पद्धति अपनाई जाएगी तो क्या परिस्थिति होगी आप स्वयं अंदाजा लगा लीजिए ।

जहां आपने सरकारी कर्मचारियों का जिक्र किया कि वे कई तरह से इधर उधर गडबड़ी करते हैं तो मैं इससे सहमत हूं । मुझे कई पोलिंग स्टेशन पर जाने का अवसर मिला । दुर्भाग्य है कि मैं दक्षिण भारत की बात नहीं कह सकती लेकिन उत्तर भारत, राजस्थान, मध्य प्रदेश के बारे में कह सकती हूं कि जो हमारे कर्मचारी क्लर्क काम करते हैं उसमें आर० एस० एस० की विचाराधारा के लोग घुस आए हैं और हर तरह से अपनी विचारधारा की पार्टी जनसंघ को फायदा पहुंचाते हैं । उनको बराबर फायदा पहुंचाने की कोशिश करते हैं । मैं अपने निजी अनुभव के आधार पर कहती हूं जब ऐसी विचार धारा वाले व्यक्ति पोलिंग स्टेशन पर बैठ जाते हैं और जब वे देखते हैं कि वोट देने वाले कांग्रेसी आ रहे हैं तो धीरे-धीरे पर्ची पर मोहर लगाना शुरू कर देते हैं ताकि समय बीतता जाए और वे लोग पूरे समय तक वोट न दे सकें । शास्त्री जी मैं अपना अनुभव बता रही हूं ।

दूसरे चुनावों में सबसे बड़ी दिक्कत जो है वह जातिवाद को लेकर, सम्प्रदायवाद को लेकर है । वे इसी तरह का वातावरण बना कर जनता की भावनाओं को अपनी तरफ मोड कर इलैक्शन में जीत जाते हैं लेकिन मैं कहना चाहती हूं कि इससे हमारे देश का हित नहीं हो रहा है बल्कि हानि ही हो रही है । कुछ पार्टियां हैं जो ऐसी जातिवाद के ऊपर चुनाव लड़ती है कुछ पार्टिया ऐसी हैं जो केवल कम्युनिलिज्म के ऊपर । कुछ लोग इस प्रकार के है जो चाहते हैं कि देश में जातिवाद कैसे भड़काया जाए, कम्युनिलिज्म कैसे भड़काया जाए, रेजनलिज्म कैस भडकाया जाए । ये चीजें चुनाव के

[श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूंडावत]

मामले में गहरी शत्रु हैं जो हमारे देश को अन्दर ही अन्दर से खोखली कर रही है। और जब जातिवाद का सवाल आया तो हमें श्री चरणसिंह जी की याद आती है। जब यहां पर सम्प्रदायिकता की बात आती है तो इन विरोधी दल के सदस्यों को अपनी ओर देखना चाहिए। सारी दुनिया जानती है कि ये लोग किस प्रकार का आचरण करते हैं। यहां पर हमारे विधि मंत्री जी बैठे हुए हैं। मैं उनका ध्यान इस बात की ओर आकर्षित करना चाहती हूं कि जब औरतें चुनाव मैदान में उतरती हैं तो उनको कितनी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और कितना जलील होना पड़ता है। ईश्वर की कृपा से विरोधी दलों में औरतें नहीं हैं . . .

श्री सीताराम सिंह (बिहार) : माननीय सदस्या ने चौधरी चरण सिंह का नाम लिया है। मैं यह कहना चाहता हूं कि वे अपनी बात का प्रमाण दें अन्यथा अपने शब्दों को वापस लें। हम भी यह आरोप लगा सकते हैं कि इस देश में सबसे ज्यादा जातिवाद अगर किसी ने फैलाया है तो श्रीमती इंदिरा गांधी ने और इनके नेताओं ने फैलाया है।

श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूंडावत : हाथ कंगन को आरसी क्या। इस बारे में तो सभी लोग जानते हैं (**समय की घंटी**)। मैं आपका सिर्फ दो मिनट का समय और लूंगी। मैं यह निवेदन करना चाहती हूं कि चुनावों में महिलाओं के प्रति निन्दनीय प्रचार किया जाता है। उनके चरित्र हनन की कोशिश की जाती है। प्राइम मिनिस्टर तक को इन लोगों ने नहीं छोड़ा है। उनके खिलाफ जिस तरह के फोटो निकाले, वह भी सब को मालूम है। इसलिए मेरा निवेदन यह है कि स्त्रियों के साथ चुनावों में जिस प्रकार से व्यवहार किया जाता है वह बन्द किया जाना चाहिए। जैसा मैंने कहा, विरोधी दलों में औरतें चुनाव मैदान में नहीं आती हैं। जनसंघ के अन्दर सिर्फ ग्वालियर की महारानी है, लेकिन ये लोग सब उनकी ओट में शरण लेते हैं। अन्य कोई महिला विरोधी दलों में नहीं है। कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो बहुत बड़े पैमाने पर महिलाओं को चुनाव मैदान में लाती है। मैं श्री प्रकाशवीर शास्त्री जी की इज्जत करती हूं। वे सज्जन हैं लेकिन वे अपनी पार्टी के लोगों को समझायें कि इस प्रकार के गलत ढंग चुनावों में वे न अपनायें।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहती हूं कि हमने यह देखा है कि चुनावों के अन्दर लड़कों की एक फौज तैयार कर ली जाती है और वे कुछ इस प्रकार का प्रचार करते है कि जो बहुत ही गलत है। कुछ ऐसी तस्वीरें बनायी जाती हैं, जो अनुचित प्रकार की होती है। गाय को काटते हुए दिखाया जाता है और यह देखने में भी आया है कि कांग्रेस वालों को गाय को काटते हुए दिखा रहे हैं। घर घर में जाकर प्रचार किया जाता है और औरतों से कहा जाता है कि अगर कांग्रेस को वोट दिया तो गाय को इस प्रकार से काट दिया जाएगा। मैं पूछना चाहती हूं कि क्या यह चुनाव लड़ने का तरीका है ?

श्री ओम प्रकाश त्यागी : आपने गाय और बछड़े का चुनाव चिन्ह क्यों लिया है ? गधा, घोड़ा, और ऊंट का चिन्ह क्यों नहीं लिया ?

श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूंडावत : मैं तो यह निवेदन करना चाहती हूं कि चुनावों के अन्दर भ्रामक ढंग से जो प्रचार किया जाता है उसके लिए भी कोई उपाय किये जाने चाहिएं। पिछले चुनावों के अन्दर आपको याद होगा किस प्रकार से गलत प्रचार किया गया था। बड़े जोर-शोर से यह प्रचार किया गया कि बैलेट पेपर और स्याही रूस से मंगाई गई है और बैलेट पेपर पर मुहर लगाई जाती है तो वह इधर से उधर चली जाती है। यह बात किसी साधारण आदमी ने नहीं कही, पार्टी के लीडरों ने कही। इस प्रकार से जनता में भ्रामक प्रचार किया जाता है। आज इस बीसवीं शताब्दी में भी इस प्रकार की बात कही जाती है। मैं चाहती हूं कि जब कोई कानून इस बारे में बनाया जाय तो उसके

साथ-साथ कोई आचार संहिता भी होनी चाहिए ताकि हमारे आचरण भी ऊंचे हों। हम आचरण संहिता अपनी पार्टी वालों की बनाएंगे ; उसके आधार पर चलेगा तभी चुनाव ठीक होंगे। तरह तरह के चुनाव क़ायदे बनाने से नहीं होगा।

(Time bell rings)

एक बात और कह दूं अगर आप इजाजत दें। रेडियो के प्रश्न को लेकर बार बार कहा जाता है ; शास्त्री जी बड़े संयत शब्दों से कहते हैं, कोई कोई तो आल इंडिया को इंदिरा रेडियो और न जाने किस किस ढंग से बोलते हैं। लेकिन अगर किसी को शिकायत होनी चाहिए तो कांग्रेस को होनी चाहिए, जनसंघ वालों को नहीं। अभी कुछ दिन पहले टी० वी० का प्रोग्राम आया था . . .

श्री राजनारायण : सदन का कुछ तो सदुपयोग होना चाहिए।

श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूंडावत : आप बोलते हैं तब क्या होता है ?

श्री राजनारायण : मैं पूछना चाहता हूं दुनिया के किसी प्रजातंत्र में सरकार के हाथ में रेडियो है ? आप लेक्चर दे रही हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. B. RAIU) : Now, please complete your last point.

श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूंडावत : लास्ट पाइंट है। अभी हाल टी० वी० के ऊपर एक प्रोग्राम रखा गया था ऐटामिक इनर्जी को लेकर किया गया था ; उसमें पार्लियामेंट के 4 मेम्बरों का इंटरव्हयू था ; उसमें सबसे पहले अटल बिहारी बाजपेयी जी को रखा गया था, उसके बाद में दूसरी तीसरी पार्टी के थे, चौथे नंबर पर कांग्रेस के बी० एन० पी० सिंह थे। हम पूछना चाहते हैं ; यह किस आधार पर रखा गया ? आप अपोजिशन पार्टी के लीडर को रखें, मुझे इसमें कोई ऐतराज नहीं लेकिन प्रोटोकोल के हिसाब से क्या लोकसभा में जन संघ चौथे नंबर पर नहीं आता है ? या तो विरोधी दल का नेता पहले आता या कांग्रेस का पहले आता। श्री बी० एन० पी० सिंह जो कांग्रेस में हैं उन्हें इस बारे में एक्सपर्टाइज था लेकिन अटल बिहारी बाजपेयी तो एक्सपर्ट नहीं थे। लेकिन किस ढंग से उनको प्रथम स्थान पर दिखाया गया। आप ठंडे दिमाग़ से सोचिए। आप कुछ भी न होने पर शोर करते हैं, हम हकदार होते हुए भी चुप होकर आपकी बातों को सुनते हैं।

SHRI BHUPESH GUPTA (West Bengal): Mr. Vice-Chairman, Sir, twenty five years have passed since the commencement of the Constitution. I think it will be agreed on all hands that experience has underlined the necessity of electoral reform in our country. We are entirely in favour of electoral reform with a view to strengthening our democratic institution and the democratic process. Therefore, there is no question of any kind of reservation over the necessity of electoral reform. What, however, is relevant in this connection is as to what kind of reforms we want, in what perspective and how shall we set about the task. These are matters of importance and detail and are also of very, very crucial significance in this context. Mr. V ice-Chairman. I would, therefore, straightway suggest that the Government should not lose much time in calling a conference or a meeting of the leaders of the Opposition and of the ruling party in order to lake counsel with one another in a calm and quiet discussion so that, if possible, by consensus certain formulae could be found out and measures could be thought of for improving the situation, if not, at least by a majority. Anyhow, we are not in a position to shirk the responsibility any more. Life has underlined, as I said, the supreme urgency of radical overhauling of the electoral system and electoral process in our country.

[Vice-Chairman (Shri Yogendra Sharmai in the Chair.]

1 would, therefore, very humbly suggest that a meeting may be fixed at an early date, if possible next month, with

[Shri Bhupesh Gupta] a view to discussing the problem of electoral reforms. Obviously you cannot expect solutions to be found readily when divergent social interests, political approaches are there. One has to work hard in order to see how best we can amend the law and what best system we can adopt. Straightway I would make three suggestions which We can take.

